## न्यूज इन शॉर्ट



### कौशल्या विहार में अवैध कब्जों पर चला प्रशासन का बुलडोजर, फर्जी दस्तावेजों से जमीन खरीदने वालों को भी नुकसान

रायपुर। रायपुर के कौशल्या विहार इलाके में शनिवार सुबह एक बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई देखने को मिली। रायपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने यहां 26 एकड़ जमीन पर वर्षों से चल रहे अवैध कब्जों और निर्माण कार्यों को हटाने की कार्यवाही की। मौके पर एसडीएम नंदकुमार चौबे, क्रष्ठ व नगर निगम के अधिकारी और भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।यह जमीन आरडीए की बताई गई है, जिस पर कई लोगों ने बिना कानूनी अनुमति के कब्जा कर लिया था। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कुछ लोगों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन खरीदी थी। इलाके में रहने वाले पप्पू खान और समा बेगम जैसे कुछ नागरिक ठगी के शिकार हो गए। पप्पू खान ने बताया कि उन्होंने दो साल पहले करीब एक लाख रुपये खर्च कर कर्ज लेकर यह जमीन खरीदी थी और मकान बनवा रहे थे, लेकिन दस्तावेज फर्जी निकले। प्रशासन ने इस मामले को गंभीर मानते हुए फर्जी जमीन बेचने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की सिफारिश की है। वहीं, प्रभावित लोगों को उनके सामान के साथ सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जा रहा है।एसडीएम नंद कुमार चौबे ने बताया कि अवैध निर्माण को लेकर पहले भी कई बार नोटिस दिए गए थे, लेकिन लोगों ने उन्हें गंभीरता से नहीं लिया, जिसके चलते यह कार्रवाई करनी पड़ी। हाल ही में बने अवैध मकानों में रह रहे लोगों को बीएसयूपी योजना के तहत वैकल्पिक आवास दिए जाएंगे, जबकि जिनके पास पहले से मकान हैं, उन्हें वहीं बसाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि रायपुर शहर में जहां कहीं भी अवैध निर्माण मिलेंगे, प्रशासन पूरी सख्ती से कार्रवाई करेगा।

### क्रोमा शॉप में चोर का धावा

रायपुर। क्रोमा इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में चोरी हुई है। एक चोर ग्राहक बनकर भीतर आया। फिर उसने दिनदहाड़े वारदात को अंजाम दिया है। उसने रेक से इलेक्ट्रॉनिक सामान उठाएं फिर सिक्योरिटी टैग निकालकर फेक दिया। इसके बाद सामान को अपने जेब में डालकर फरार हो गया। यह पूरा मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का है। पुरानी बस्ती पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, युगल साहू ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें उन्होंने बताया कि वह भाटागांव के क्रोमा इलेक्ट्रॉनिक शॉप में मैनेजर के पद पर हैं। 15 में की दोपहर 12 बजे के करीब एक व्यक्ति ग्राहक की तरह शोरूम में सामान देख रहा था। तभी स्टाफ को सीसीटीवी में में उसकी गतिविधि संदिग्ध लगी। कुछ मिनट में व्यक्ति गायब हो गया। स्टाफ ने देरी न करते हुए सीसीटीवी फुटेज चेक किया। तो व्यक्ति एक रेक से तीन डिब्बा ईयर बर्ड और एक एप्पल फोन का कवर निकालते दिख रहा है। आरोपी ने सामान पर लगे सिक्योरिटी टैग को भी निकाल कर फेंक दिया। फिर वह अपने जेब में सामान को रखकर शोरूम से फरार हो गया। इस मामले में पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

### धारदार चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, लूट, चोरी एवं नकबजनी के प्रकरणों में जा चुका है जेल

रायपुर। थाना खमतराई पुलिस को जानकारी मिली कि भनपुरी बाजार विजय नगर गेट के पास एक व्यक्ति हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित कर रहा है। सूचना मिलते ही खमतराई पुलिस टीम द्वारा भनपुरी बाजार विजय नगर गेट पहुंचकर आरोपी देवेन्द्र कुमार बघेल पिता शिवकुमार बघेल उम्र 23 वर्ष को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त कर लिया। आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में अपराध क्रमांक 404/25 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी देवेन्द्र कुमार बघेल पिता शिवकुमार बघेल उम्र 23 वर्ष निवासी गीता नगर भनपुरी थाना खमतराई को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

**स्काई वॉक बनने से पैदल चलने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी, ट्रैफिक और हादसे नियंत्रित होंगे**

# स्काई वॉक के लिए अलग से बजट प्रावधान नहीं, पूर्व में स्वीकृत राशि से ही बनेगा : मूणत

**विजय मत,रायपुर।**

राजधानी के ड्रीम प्रोजेक्ट स्काई-वॉक के निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रशासनिक स्वीकृति देते हुए 37 करोड़ रुपए का आवंटन करने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री/लोक निर्माण मंत्री अरुण साव का आभार मानते हुए प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री व रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने इस योजना को लेकर कांग्रेस के शासनकाल में की गई राजनीति और इस काम में अड़ंगेबाजी को लेकर कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है। मूणत ने साफ-साफ शब्दों में कहा है कि अब इस काम की लागत में जो बढ़ोतरी होगी, उसके लिए कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार जिम्मेदार होगी और कांग्रेस इस जवाबदेही से कतई नहीं बच सकती।भाजपा विधायक मूणत ने शनिवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि



डेवलपमेंट विजन के साथ स्काई वॉक निर्माण कार्य डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल में सरकार की प्रक्रियाओं का शत-प्रतिशत पालन किया गया था। 2016-17 में बजट में प्रावधान करके शास्त्री चौक से जयस्तंभ चौक और शास्त्री चौक से जेल तिराहे तक जो लोग पैदल चलते हैं, उसके कारण ट्रैफिक डिस्टर्ब होता है, तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है, उस दृष्टि से अध्ययन करने के उपरांत 2016-17 में बजट में इसका प्रावधान किया गया। सरकार ने उसकी प्रशासनिक स्वीकृति जारी की। उसी वर्ष प्रशासनिक एजेंसी ने सर्वे करने के लिए एजेंसी का टेंडर आमंत्रित किया, जिसमें दो एजेंसी ने भागीदारी की। स्काई वॉक की उपयोगिता और आवश्यकता पर डिटेल सर्वे आया। श्री मूणत ने बताया कि सर्वे आने के बाद इसके तीन प्रेजेंटेशन इस रायपुर शहर के अंदर हुए, जिसमें नगर निगम के उस समय की महापौर डॉ. किरणमयी नायक, सत्यनारायण शर्मा, प्रमोद दुबे, निगम कमिश्नर, कलेक्टर, यातायात विभाग के अधिकारी, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी सब लोगों ने संयुक्त रूप से इस प्रेजेंटेशन को देखा और सब लोगों ने अपने सुझाव के अनुसार उसमें सुझाव भी दिए। उन सुझावों का समावेश करने के उपरांत फाइनल उसका प्राक्कलन (इस्टीमेट) बनाकर राज्य सरकार को टेंडर की प्रक्रिया और प्रशासनिक स्वीकृति के लिए आवेदन किया गया। पीडब्ल्यूडी द्वारा उसकी प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के उपरांत टेंडर हुआ। 2017 में यह काम चालू हुआ। जिस दिन उसका भूमिपूजन हुआ, उस दिन रायपुर के समाचार पत्रों में विज्ञापन के साथ-साथ पूरी डिटेल जनता के बीच रखी गई। मूणत ने कहा कि विधानसभा में कभी भी कांग्रेस पार्टी के किसी नेता ने कोई सवाल नहीं उठाया। कभी कोई बात नहीं की।

भाजपा विधायकमूणत ने कहा कि जब स्काई वॉक का काम शुरू हुआ था तब स्मार्ट सिटी योजना शुरू नहीं हुई थी। भाजपा की हमारी तत्कालीन सरकार ने पहले उन योजनाओं पर भी काम किया ताकि सड़क आवागमन सुविधाजनक हो, ट्रैफिक जाम की स्थिति न हो। स्काई वॉक के साथ जुड़ी विभिन्न सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए मूणत ने कहा कि 2018 में प्रदेश में हे सत्ता परिवर्तन के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कह दिया कि स्काई वॉक नहीं बनना चाहिए। हालाँकि इसका कोई आधिकारिक आदेश संबंधित विभाग ने नहीं निकाला था। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने तीन स्तरों पर इसकी जाँच कराई। तमाम जाँच प्रक्रियाओं के बाद यह निष्कर्ष निकला कि राजधानी की आवश्यकता और इस काम में खर्च हो चुकी राशि को देखते हुए इस स्काई वॉक को पूर्ण करना चाहिए। लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री बघेल व कांग्रेस नेताओं ने इस रिपोर्ट को गंभीरता से नहीं लिया। स्काई वॉक को लेकर कांग्रेस सरकार के रवैये पर तंज कसते हुए मूणत ने कहा कि बाद में फिर से हुई जाँच की रिपोर्ट में इस योजना को क्लीन चिट देते हुए कहा गया कि इस काम में कहीं भी किसी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। श्री मूणत ने चुनौती देते हुए कहा कि अगर स्काई वॉक में कोई भ्रष्टाचार हुआ तो इससे संबंधित फाइल, अधिकारी तत्कालीन भूपेश सरकार के पास थे तो उन्होंने कार्रवाई क्यों नहीं की?भाजपा विधायक मूणत ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सत्ता में वापसी के बाद जब मुख्यमंत्री साय, उप मुख्यमंत्री साव व वित्त मंत्री के समक्ष इस बारे में डिटेल प्रेजेंटेशन दिया गया।

## सिंधी काउंसिल ने गर्मी को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस को 500 कीट का किया वितरण

**विजय मत,रायपुर।**

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई ने गर्मी को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस को 500 कीट का वितरण किया। रायपुर के ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को यह किट वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद्र सिंह के हाथों सौंपे गए।

डॉ. सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सिंधी काउंसिल ने ट्रैफिक पुलिस का ख्याल रखते हुए सराहनीय कार्य किया है। ट्रैफिक पुलिस के जवान तेज धूप में घंटों खड़े रहकर शहर की सेवा करते हैं, ऐसे में उनका स्वास्थ्य भी जरूरी है। सिंधी काउंसिल टीम लगातार जनसेवा का कार्य कर रही है। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि कुल 500 समर हेल्थ किट



वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक जवानों का सम्मान और उनकी सेहत का ध्यान रखना हम सबका दायित्व है।

इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत शुक्ला, डॉ. अनुराग झा, सिंधी काउंसिल के अध्यक्ष ललित जैसिंघ, महामंत्री सुनील कुकरेजा, मोहन वलयानी, नितिन कृष्णानी, धनेश मटलानी, चंदर देवानी, रितेश वाधवा, तेजकुमार बजाज, राजेश रेलवानी और महेश खिलनानी उपस्थित थे।

## छत्रपति संभाजी महाराज के जयंती पर मराठा समाज द्वारा आर्टशाला शिविर का शुभारंभ

**विजय मत,रायपुर।**

छत्रपति संभाजी महाराज जन्म जयंती (मराठा युवा दिवस)के अवसर पर मराठा समाज रायपुर द्वारा निः शुल्क समर कैंप (आर्ट शाला 2025) एवं मराठा समाज के कार्यालय का उद्घाटन जनप्रिय पार्षद एवं जोन अध्यक्ष आदरणीय मुरली शर्मा जी के कर कमलों से हुआ

मराठा समाज के अध्यक्ष लोकेश पवार ने बताया की आर्ट शाला 2025 मे बच्चों को निः शुल्क ड्राइंग,पेंटिंग, लिपनआर्ट, कोल्ड कुकिंग, मेहंदी,डांस के साथ ही साथ शिष्टाचार भी सिखाया जायेगा जहां पर मराठा समाज द्वारा सीखने में लगने वाले सामान भी निः शुल्क उपलब्ध कराएगाइस आर्ट शाला शिविर 2025 की कार्यक्रम संयोजक




सौ.ज्योति पवार, सौ.प्रीति फरताड़े, सौ. अपर्णा चौहान हैं यह शिविर उम्र 3 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए हैं जहां अभी तक 93 बच्चों ने शिविर हेतु पंजीयन करवा लिया हैआयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रीष्मकाल में बच्चों के स्कूलों की अवकाश लगने पर समय का सदुपयोग करना है जहां बच्चे मोबाइल के साथ सारा दिन व्यस्त रहते हैं उसके बदले आर्ट सीखने से उन्हें कार्य कुशलता आएगी पार्षद जी के हाथों प्रतिभागियों को किट का वितरण भी किया गया एवं समाज के कार्यालय में लगने वाले सामान दानदाता के रूप में प्रदाय करने वाले मराठा मित्र मंडल संरक्षक नागराजू कापसे, महासचिव विनोद मांढरे, शरद फरताड़े जी को सम्मानित किया गयाइस आयोजन में इस आयोजन में मराठा मित्र मंडल रायपुर के अध्यक्ष लोकेश पवार, महिला अध्यक्षा सुषमा महाडिक, महासचिव विनोद मांढरे, सचिव शरद फरताड़े, कोषाध्यक्ष हेमराव सिरगिरे,संरक्षक सुरेन्द्र डुकरे,नागराजू समाज के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण अधिकाधिक संख्या में उपस्थित थे

## समता कॉलोनी में मंदिर के कार पार्कि के लिए खाली जगह पर पार्किंग को लेकर उपजा विवाद

**पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने भी लगाया पूर्व मंत्री पर आरोप**

**विजय मत,रायपुर।**

समता कॉलोनी स्थित एक मंदिर के सामने सार्वजनिक जमीन पर कब्जा करने को लेकर इस समय स्थानीय नागरिकों और मंदिर प्रबंधन के बीच रस्सा-कस्सी चल रही है। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने आरोप लगाया कि पश्चिम क्षेत्र वर्तमान विधायक के इशारे पर यह कार्य चल रहा है।।समता कॉलोनी नगर निगम के जोन क्रमांक 7 के अंतर्गत है। यहां पर एक सुप्रसिद्ध मंदिर है, लेकिन गाड़ी खड़ी करने के लिए कोई स्थान नहीं, जिसके कारण वाहन मालिकों को कॉफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, मंदिर के सामने एक देवी का प्राचीन मंदिर है। मंदिर से लगा हुआ तालाब है, इसके बाजू में एक जमीन खाली है, इस जमीन को लेकर स्थानीय मोहल्लावासियों और नगर निगम के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि मंदिर प्रबंधन यहां पर वाहन मालिकों के लिए कार पार्किंग बनाना चाहता है। एक बार जमीन चली गई तो मोहल्ले वालों को नहीं मिल पाएगी। इसलिए हम इसका विरोध कर रहे हैं। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय भी मोहल्ले वासियों के साथ आंदोलन में कू द गए हैं। जिसके कारण यह आंदोलन राजनीतिक रूप लेते जा रहा है। विकास उपाध्याय का कहना है कि लोगों की भावनाओं का ध्यान रखना चाहिए।नगर निगम के जोन क्रमांक 7 कर्मचारी यहां पर अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई कर रहे हैं। जिसके कारण स्थानीय मोहल्लावासी विरोध कर रहे हैं। इस संबंध में स्थानीय पार्षद दीपक जायसवाल भी मौन साधे हुए हैं, पार्षद की छुट्टी रहस्यमय बनी हुई है। ज्ञात रहे इस मंदिर आए दिन भागवत कथा, भजन कीर्तन, सहित अन्य कार्यक्रम चलते रहते हैं। इसके अलावा इस भवन को सामाजिक कार्य के लिए भी दिया जाता है, जिसके कारण यहां बड़ी संख्या में छोटे एवं बड़े वाहन आते हैं।

## संविधान और सामाजिक न्याय की विरोधी भाजपा सरकार को चेतावनी देने 19 मई को कांग्रेस का संविधान बचाओ रैली

**विजय मत,रायपुर।**

आगामी 19 मई को जांजगीर-चांपा में आयोजित कांग्रेस की राज्य स्तरीयसंविधान बचाओ रैली निकलेगी।

इस रैली में एआईसीसी के महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, एआईसीसी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रभारी सचिवगण एस. सम्पत, जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव सहित प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेतागण शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि केंद्र की अधिनायकवादी मोदी सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था को तार-तार कर दिया है।

देश के संसाधनों पर अपने पूंजीपति मित्रों का एकाधिकार बनाने लगातार जन विरोधी निर्णय थोपे जा रहे हैं, जिसके खिलाफ कांग्रेसजन हर स्तर पर लड़ाई लड़ रहे है। जातिगत जनगणना पर मोदी सरकार का यू टर्न नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के संघर्ष की जीत है, सामाजिक न्याय को लेकर कांग्रेस के कार्यकताओं के परिश्रम की जीत है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दबाव में आकर जातीय जनगणना कराने के लिए यू-टर्न लिया है, जो भाजपा के नेता जातिगत जनगणना के मांग को देश तोड़ने की साजिश बताते थे,

संसद में जातीय जनगणना की मांग करने वालों को बीजेपी के सांसद अर्बन नक्सल कहते थे, वे अब मोदी का मास्टर स्ट्रोक बता रहे हैं, इसलिए कांग्रेस पार्टी इस मांग पर जीत होने पर विजय सभा के रूप में संविधान बचाओ रैली करेगी।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अब कांग्रेस पार्टी जनसरोकार के प्रमुख तीन मांगों को लेकर जनता के बीच जाएगी और केंद्र की मोदी सरकार पर दबाव बनाएगी। पहला आरक्षण में 50 प्रतिशत की सीलिंग हटाने की मांग, इसके लिए। एआईसीसी ने अहमदाबाद की बैठक में प्रस्ताव भी पास किया है।

दुसरा केंद्र की सरकार ने नेशनल बजट के एलोकेशन में एस, एसटी के लिए बजट दुर्भावना पूर्वक कम किया जा रहा है, उसे बढ़ाया जाए और पॉपुलेशन के आधार पर बजट होसभी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी युवाओं को प्राइवेट शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण दिया जाए। 2006 में यूपीए की सरकार ने संविधान के आर्टिकल 15(5) में इसका प्रावधान भी किया है, इसका सरकारी स्कूलों में तो लाभ मिल रहा है, लेकिन निजी संस्थान में आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार इसे निजी संस्थानों में भी तत्काल लागू कराए।

।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जनता को न्याय दिलवाने के लिए संविधान का जीवित होना जरूरी है, लेकिन भाजपा, आरएसएस संविधान खत्म करने की कोशिश कर रही है।

हमारे पूर्वजों में संविधान निर्माण से लेकर राष्ट्र के नवनिर्माण तक अपनी आहुति दी है, अपने खून पसीने से खींचा है, अब संविधान की रक्षा हम सभी कांग्रेस कार्यकताओं का दायित्व है, इसी को लेकर सभी वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी आगामी 8 मई 2025 को बिलासपुर में संविधान बचाओ रैली करेगी।

**जेल की कार्यप्रणालियों से हुए रूबरू**

# लोक सेवा आयोग से चयनित प्रशिक्षु अधिकारियों ने केन्द्रीय जेल में किया शैक्षणिक भ्रमण

**विजय मत,रायपुर।**

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित प्रशिक्षु अधिकारियों ने आज शैक्षणिक भ्रमण कर कार्य प्रणालियों का अवलोकन किया। इनमें 09 डिप्टी कलेक्टर, 06 राज्य कर सहायक आयुक्त, 09 सहायक आयुक्त सहकारिता, 05 जिला आबकारी अधिकारी सहित कुल 29 प्रशिक्षणरत अधिकारी शामिल थे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी, निमोरा रायपुर के संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण के अन्तर्गत इन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को राज्य के कारागार तंत्र, अपराध नियंत्रण और न्याय प्रणाली और बंदी पुर्नवास की व्यवहारिक जानकारी दी गई, ताकि वे प्रशासनिक सेवाओं के दौरान इन महत्वपूर्ण विषयों को गहराई से समझ सकें।भ्रमण के दौरान सहायक जेल महानिरीक्षक श्री अमित शांडिल्य द्वारा जेल प्रशासन की संरचना, सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों के अधिकार, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा एवं कौशल विकास कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षुओं ने




जेल में चल रहे विभिन्न उद्योग, पाकशाला, चिकित्सालय, पुस्तकालय, और सुधारात्मक गतिविधियों से संबंधित केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने यह भी जाना कि जेल प्रशासन किस प्रकार से न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में बल्कि समाज से विमुख हुए व्यक्तियों के जीवन मे सकारात्मक परिवर्तन लाने में भी एक अहम् भूमिका निभाता है।

जेल अधिकारियों ने बंदियों को दी जाने वाली विधिक सेवा, योगाभ्यास व मनोरंजक कार्यक्रम जेल रेडियों उमंग-तरंग, जेल थियेटर जैसे प्रयासों से कारागार के मानवीय पक्ष को भी अवगत कराया।भ्रमण के दौरान सहायक जेल महानिरीक्षक श्री शांडिल्य द्वारा प्रशिक्षु अधिकारियों से चर्चा कर उनके जिज्ञासाओं को शांत किया। महिला प्रशिक्षु अधिकारियों को महिला प्रकोष्ठ का भी भ्रमण कराया गया। प्रशिक्षु अधिकारियों ने भ्रमण के दौरान जेल की व्यवस्थाओं, स्वच्छता, रोजगारन्मुखी कार्यक्रमों को सराहा और कहा कि यह अनुभव जेल प्रशासन की उस संवेदनशील भूमिका को उजागर करता है जो कानून व्यवस्था बनाये रखने से आगे बढ़कर सामाजिक न्याय और मानव गरिमा की रक्षा करता है। महानिरीक्षक श्री शांडिल्य ने कहा कि एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में केवल कानून लागू करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों को न्याय एवं सम्मान दिलाना भी हमारी जिम्मेदारी है। इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण अधिकारियों को जमीनी सच्चाईयों से जोड़ते हैं और उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में अधिक प्रभावशाली बनाती है।

## फ्रांस रवाना होने से पहले जूही व्यास ने रमन सिंह से लिया आशीर्वाद

**विजय मत,रायपुर।**

फ्रांस रवाना होने से पहले जूही व्यास ने रमन सिंह से आशीर्वाद लिया। पूर्व सीएम रमन सिंह ने अपने पोस्ट में बताया, रेड कारपेट पर प्रदेश से पहली बार हमारे छत्तीसगढ़ की बेटी जूही व्यास जी शामिल होने के लिए आज फ्रांस के लिए रवाना हो रही हैं, इस अवसर पर उनको हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त करता हूँ। मुझे इस बात पर अत्यंत प्रसन्नता है कि जूही व्यास जी कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में पर्यावरण संरक्षण पर आधारित परिधान पहनकर पूरे विश्व को पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देंगी।

ऐसा करने वाली वह छत्तीसगढ़ की पहली महिला बनेंगी। यह पूरे प्रदेश के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है और मैं जूही के उज्जवल और सफल भविष्य के लिए कामना



करता हूँ।

छत्तीसगढ़ के बेटी अब जाही कान्स फिल्म फेस्टिवल म... दुर्ग की जूही व्यास जी इस वर्ष के कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में भाग ले 'ग्लोबल वार्मिंग' और 'वर्ल्ड पीस' जैसे महत्वपूर्व विषयों पर विश्व का ध्यान आकर्षित करेंगी। पेशे से मेकअप आर्टिस्ट, पेजेंट ग्रूमिंग मेंटोर और सॉफ्टवेयर इंजीनियर जूही को मेरी ओर से ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं।

